Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding different road projects in Darjeeling-Siliguri in West Bengal.

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं अपनी बात रखने से पहले एक जानकारी आपके माध्यम से सदन के सामने रखना चाहता हूं । मैं अभी दार्जिलिंग से आ रहा हूं और 8 तारीख को जो दुखद घटना घटी थी, उसमें दार्जिलिंग के हमारे वीर गोरखा पुत्र सतपाल राय जी, जो विपिन रावत जी के पीएसओ के रूप में कार्यरत थे, वे भी उस घटना में शहीद हो गए । मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने की गोरखाओं की जो परम्परा रही है, वह काम पूरा करके वह गए हैं । हम सबके लिए वह हमेशा प्रेरणादायी रहेंगे ।

महोदय, हम सब जानते हैं कि दार्जिलिंग-सिलिगुड़ी क्षेत्र चार इंटरनेशनल बॉर्डर्स से घिरा हुआ शहर है । इसके एक तरफ नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और चाइना के बॉर्डर्स लगते हैं । इतना क्रिटिकल क्षेत्र होने के बावजूद भी सड़क की स्थिति बहुत ही नाजुक है । यह राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी ठीक नहीं है । मुझे लगता है कि पश्चिम बंगाल सरकार के पास पर्याप्त पैसे नहीं हैं और कोई काम नहीं हो रहा है । केंद्र सरकार ने हमारी कुछ परियोजनाओं को पहले से ही स्वीकृत कर दिया है, जैसे-बालासन से लेकर सेवक तक एक एलीवेटेड रोड बननी है, कोरोनेशन ब्रिज जो 100 साल पहले बना था, उसका ऑल्टर्नेट बनना है, एनएच-10 की वाइडनिंग होनी है और दार्जिलिंग तथा सिलिगुड़ी के चारों तरफ की रिंग रोड पर ऑल्टर्नेट हाईवे बनना है । मैं आपके माध्यम से यह चाहता हूं कि यह योजना जल्द से जल्द शुरू हो, क्योंकि अभी दो महीने पहले भारी वर्षा के कारण बालासन नदी का ब्रिज टूटा हुआ है और पिछले सात-आठ दिनों से किसी तरह से जुगाड़ के माध्यम से पूरा शहर चल रहा है । मुझे लगता है कि इतने बड़े शहर की ऐसी स्थिति ठीक नहीं है । मैं आपके माध्यम से भारत

सरकार से निवेदन करता हूं कि सड़क से जुड़ी हुई ये सभी योजनाएं जल्द से जल्द चालू कर दें। धन्यवाद।